# कार्यालय–जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया, बैकुण्ठपुर (छ0ग0)

## //विज्ञापन//

क्रमाँक 67 /जि.वि.से.प्रा.(LADCS)/2025 बैकुण्ठपुर, दिनाँक 08/01/2025

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06/02/2025 संध्या 05:00 बजे तक**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 अंतर्गत संविदात्मक नियुक्ति के रूप में कार्यालय सहायक/क्लर्क, एवं कार्यालय भृत्य (मुशी/अटेन्डेंट) कर्मचारियों के निम्नांकित रिक्त पदों पर संविदात्मक भर्ती हेतु जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया, बैकुण्ठपुर में दिनाँक **06/02/2025** के संध्या **05:00** बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 | रिक्त पद का विवरण | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | कार्यालय सहायक/कर्ल्क | 2 |
| 02 | कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) | 2 |

टीप :–क. परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया, बैकुण्ठपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

ख. संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी की सेवा नियुक्ति दिनांक से 1 वर्ष की अवधि के लिये ही है। नियुक्ति किये गये स्टाफ की उपस्थिति कार्यप्रणाली संतोषप्रद व्यवहारिक एवं व्यवस्थित होने तथा नालसा के निर्देशानुसार कार्यकाल आगे बढ़ाया जा सकता है अथवा संतोषजनक कार्य नहीं पाये जाने पर उनकी नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

ग. छत्तीसगढ शासन द्वारा वर्तमान में संविदा कर्मचारियों के लिये सेवा शर्तो के लिए निर्धारित परिपत्र/नियम/शर्तो के प्रावधानों के आधीन शासित होंगे

